हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के मनीष प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित प्रदेश मंत्री व विष्णु संरक्षक नियुक्त





**सक्ती**। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर द्वारा संगठन में नई जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है। इस क्रम में मनीष कथुरिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, सुमित सराफ को प्रदेश मंत्री तथा विष्णु अग्रवाल को सक्ती इकाई का संरक्षक नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से व्यापारिक समुदाय में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और संगठन के कार्यों में नई ऊर्जा के संचार की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी देते हुए मुकेश बंसल ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स लंबे समय से व्यापारी वर्ग की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। नए पदाधिकारियों के जुड़ने से संगठन और मजबूत होगा तथा व्यापारी हितों को लेकर और सशक्त आवाज उठेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए मनीष कथुरिया ने कहा कि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। प्रदेश मंत्री सुमित सराफ ने भरोसा दिलाया कि वे संगठन के विस्तार और नई पीढ़ी के व्यापारियों को जोड़ने की दिशा में काम करेंगे। वहीं संरक्षक विष्णु अग्रवाल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर व्यापारियों की हर समस्या का समाधान कराने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

### हाइब्रिड सोलर संयंत्र सिस्टम का एई ने किया निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा**। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत ग्राम कोटमीसोनार में एक व्यक्ति के घर में हाइब्रिड सोलर संयंत्र सिस्टम लगाया गया है। इसका अकलतरा सब डिविजन के एई ने निरीक्षण किया। अकलतरा क्षेत्र के अंतर्गत कोटमी सोनार में चक्रधर सोनी के घर में पर्ल इंडिया और ग्रीन एनर्जी वेंडर द्वारा पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत हाइब्रिड सोलर संयंत्र सिस्टम लगाया गया है। अकलतरा सब डिविजन के एई भगत लाल जांगड़े ने इसका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया यह एक एडवांस सोलर सिस्टम है जिसमें ऑन ग्रिड सिस्टम और ऑफ ग्रिड सिस्टम को मिलाकर हाइब्रिड तैयार होता है। घर, संस्थान, बिजनेस या टेक्नोलॉजी के लिए सोलर सिस्टम को लेते समय, लोग अक्सर ऑन-ग्रिड सोलर सिस्टम या ऑफ-ग्रिड सोलर सिस्टम को चुनते हैं, लेकिन अब एक और विकल्प उपलब्ध है और वह है "हाइब्रिड सोलर सिस्टम"। यह सिस्टम ऑन-ग्रिड सोलर सिस्टम और ऑफ-ग्रिड सोलर सिस्टमों का मिश्रण है। इसमें पावर स्टोर करने के लिए बैटरी बैकअप है और यह अतिरिक्त बिजली को मेन ग्रिड में फीड करने की कैपेसिटी भी रखता है। ग्रीन एनर्जी के वेंडर संजीव राठौर के बताया हाइब्रिड सोलर सिस्टम दिन-रात काम करेगा जिसका मतलब है कि आपके घर में हमेशा बिजली रहेगी। हाइब्रिड सिस्टम ग्रिड कनेक्शन के साथ सोलर पावर कनेक्ट है। यह सिस्टम बिजली को बैटरियों में एकत्र करने में सक्षम है यदि सिस्टम खपत की तुलना में अधिक बिजली का प्रोडक्शन कर रहा है और आपकी बैटरी पूरी तरह से चार्ज हो गई है, तो अधिक बिजली नेट मीटरिंग के माध्यम से सरकारी ग्रिड को सप्लाई हो जाएगी।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**। कोतरारोड़ पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी भीखम दास महंत उर्फ भीखो उर्फ विक्रम निवासी बालमगोड़ा को घेराबंदी कर पकड़ लिया है। आरोपी को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास दबोचा गया। बताया गया कि आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या कर फरार हो गया था और तब से पुलिस उसकी तलाश में थी। मामला 10 अगस्त 2025 का है, जब थाना कोतरारोड़ अंतर्गत ग्राम बालमगोड़ा से एक महिला को संजीवनी 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसी दिन उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना चक्रधरनगर से बिना नंबर मर्ग डायरी मिलने पर कोतरारोड़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया।

#### कलेक्टर ने किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# लंबित राजस्व प्रकरणों का कैम्प कोर्ट लगाकर करें निराकरण : महोबे



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर ने सोमवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना वर्ष को छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि यह अवसर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित करने का है, आयोजन को भव्य और सार्थक बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, उपलब्धियों के प्रदर्शन और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए, समय पर कार्यालय पहुंचे, अनुपयोगी सामग्री का निपटान करें। कलेक्टर ने खाद भंडारण व वितरण की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने एवं बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद समय पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में मीनू के अनुसार भोजन तैयार करने और बच्चों को पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ पहुँचे यह सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रगति की नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु सभी उपार्जन केंद्रों पर सभी ज़रूरी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने प्रत्येक खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा हेतु मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के गंभीर और त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमांकन, बटांकन तथा अन्य लंबित राजस्व मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत और न्याय मिल सके। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने डिजीटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को कैम्प कोर्ट लगाकर 1 माह के भीतर निराकरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल समृति समारोह को गरिमामय आयोजन के संबंध में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 65 आवेदन

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में पामगढ़ तहसील के ग्राम पकरिया निवासी खोलबहरा साहू ने अपने भूमि के खाता विभाजन में आ रही समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को जांच कर आवेदन का निराकरण करने में निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील जांजगीर अंतर्गत ग्राम सरखों के गोपाल प्रसाद साहू भूमिहीन मजदूर ग्रामीण एवं आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पूटपुरा निवासी श्रीमती बिंद्रा यादव आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम खपरीडीह निवासी श्रीमती जिता बाई धनवार राशन कार्ड में सुधार करने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने आवेदनों का समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनदर्शन में राशन कार्ड, मुआवजा राशि दिलाने सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

## लायंस क्लब जांजगीर-नैला की कार्यकारिणी गठित, तीसरी बार अध्यक्ष बने पालीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




लायंस क्लब जांजगीर-नैला के नए सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। लायन राजेश पालीवाल को लगातार तीसरी बार लायंस क्लब जांजगीर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके अध्यक्षीय कार्यकाल में लायंस क्लब ने अनेक सेवा एवं प्रशासनिक गतिविधिया संपन्न की है।

लायंस क्लब जांजगीर नैला के कार्यकारिणी मेंचार्टर अध्यक्ष- लायन देवेश सिंह,सचिव-लायन डॉ व्ही. के. पैगवार, कोषाध्यक्ष-लायन धीरज जैन, प्रथम उपाध्यक्ष लायन मनोज अग्रवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन जूही गौरहा,टेमर-लायन नमीषा थवाईत, टेल ट्विस्टर लायन प्राची पांडेय,पीआरओ -लायन राहुल अग्रवाल और लायन हेमंत मिश्रा, क्लब एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर- लायन देवेश सिंह,क्लब सर्विस चेयरमेन -लायन डॉ. परस शर्मा, सदस्यता विस्तार चेयरमेन- लायन ऋषिकेश उपाध्याय, क्लब मार्केटिंग चेयरमेन-लायन रिकेश अग्रवाल,क्लब ऐडमिनिस्ट्रेटर-लायन श्रवण सिंह, संचालक मंडल-लायन युवराज सिंह, रमेश सुल्तानिया,ला.विजय सोनी,ला. शंभु पालीवाल, लायन विष्णु धानुका, लायन ब्रजेश गौरहा, लायन नवीन अग्रवाल, लायन रीता सिंह लायन स्मृति गौरहा,लायन मंजुला सिंह को मनोनीत किया गया।

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का प्रसारण 31 को

**जांजगीर-चांपा**। आजीविका मिशन-बिहान के तहत किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण रविवार 31 अगस्त को होगा। इस दौरान समूह की दीदीयां अपनी सफलता कीकहानियां साझा करेगी। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का प्रसारण रविवार 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे से प्रदेश के आकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से किया जाएगा। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदीयों द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा की जाएगी।

## स्कूल खुलने के दो माह बाद भी बच्चों को नहीं मिली पुस्तकें : गुप्ता

**चांपा**। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने 18 माह हो गये है लेकिन भाजपा सरकार द्वारा कोई उल्लेखनीय कार्य तो किया नहीं इसके विपरीत महंगाई से जूझती जनता को पहले विद्युत दर बढ़ाया अब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा 400 यूनिट तक



बिजली बिल हाफ योजना को भी बंद करने का ऐलान कर दिया। उक्त बातें जनसंपर्क एवं स्थानीय समस्याओं के संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने कही। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बुरी तरीके से फेल है। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध रोज कहीं ना कहीं हत्या का प्रयास या हत्या हो रहा है। छत्तीसगढ़ को पूरा अपराधगढ़ बना दिया गया है, चारों ओर अव्यवस्था का आलम है स्कूलों को बंद किया जा रहा है शराब दुकानें खोली जा रही है धड़ल्ले से ओवरलोड कोयला गाड़ी चल रही है और साथ ही वसूली भी चल रही है, 15 जून से नई शिक्षा सत्र चालू हो गए हैं पहली से दसवीं तक हिंदी और अंग्रेजी माध्यम की पुस्तक सरकार उपलब्ध कराती आ रही हैं आज दो माह हो गए स्कूल को खुले पुस्तक अभी तक नहीं मिल पाई है खेती किसानी का समय चल रहा है किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है ना ही विद्यार्थियों को पुस्तक ना ही किसानों को खाद और ना तो युवाओं को रोजगार। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती रामशिला गिरधर देवांगन, अमर देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, कार्तिक देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, सत्यनारायण देवांगन , गणेश मिस्त्री सुरेश मिस्त्री माखन लाल आदि उपस्थित थे।

## ज्ञानोदय स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**जांजगीर-चांपा**। ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कक्षा छठवीं से बारहवी के सभी छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदायनी मां सरस्वती की छाया चित्र पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव, कार्यक्रम के निर्णायक श्रीमती दामिनी कश्यप , मीना यादव, प्रिया कोसरे ,पुष्पेंद्र राजनाथ ,राकेश पठारे ,किरण गोयल, हेमंत ढीमर की उपस्थिति में पूजा अर्चना एवं माला अर्पण कर किया गया। निर्णायक गण का स्वागत रेस्मा कश्यप,साधना कश्यप एवम मानस राज के द्वारा पुष्प गुच्छ से किया गया । स्कूल के सभी छात्र - छात्राओं के द्वारा मॉडल,पोस्टर के माध्यम से भारत के इसरो द्वारा अंतरीक्ष में परचम ल ह रा क र आत्मनिर्भर भारत बनाने की एक अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। आज इसरो की पहुंच पूरे अंतरिक्ष मे है । इस अवसर पर सभी स्कूली छात्रों द्वारा मिसाईल मेन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम को याद करते हुए अंतरिक्ष और मिसाइल की अद्भुत पोस्टर ,पैन्टिन्ग किया गया। निर्णायकों ने छात्र - छात्राओं की प्रतिभा को सराहते हुए प्रथम,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्रदान किया।



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

क्रं./1065/ तह./वा./2025
चांपा दिनांक 13/08/2025

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार शर्मा पिता महावीर प्रसाद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने मां उमरावती देवी शर्मा के मृत्यु दिनांक 28/01/2006 स्थान पर वृद्धावस्था बिमारी में होने पर पंजीयन हेतु प्रतिवेदन अनुपलब्धता, शपथपत्र सहित पेश किया है। अतःजिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/8/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/8/25 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

दिनांक 13/8/25
पेशी दिनांक 27/8/25

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी चांपा**

**न्यायालय तहसीलदार उपतहसील राहौद, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/720/वा./तह0/2025
राहौद, दिनांक 20/8/2025
रा.प्र.क्र. 202507063000032/स-132
ग्राम देवरी, प.ह.नं. 30

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक तिरिथराम पिता छेदूराम जाति समनाती निवासी ग्राम देवरी तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन पत्र एवं शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने पत्नि गंगाबाई पति तिरिथराम की मृत्यु दिनांक 20/10/2023 को ग्राम देवरी में हुआ पर भूलवश पंजीयन ग्राम देवरी में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/8/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 20/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी राहौद**

**न्यायालयः श्रीमती नम्रता नोरगे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**

**समंस ईश्तहार**

व्य.वाद प्र. क्र.-60A/2023
पेशी दिनांक 16/09/2025
प्रोसेस नम्बर 874 2025 , 24/07/2025

कुमार बलवंत सिंह **विरूद्ध** कोमल बरेठ वगैरह

आवेदक कुमार बलवंत सिंह, पिता-श्याम सुंदर सिंह, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम लखाली तहसील बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर-चापा (छ.ग.), के द्वारा प्रतिवादी के विरूद्ध बाद वास्ते घोषणा बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादी क्र. - 1. कोमल बरेठ, उम्र 46 वर्ष पिता धरमू बरेठ 2. काशी बरेठ, उम्र 40 वर्ष पिता धरमू बरेठ दोनों निवासी-ग्राम रोहदा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की उपस्थिति दिनांक 16/09/2025 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस/ईश्तहार/समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में साय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस बाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, उस दिन अपना जवाब उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो, पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि, उपर बनायी गयी तारीख 16/09/2025 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। टीप :- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या मैं अवकाश रहता/रहती हूं या किसी वजह से कार्य स्थगित हो जाता है, तो वाद की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थित रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 24/07/2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(श्रीमती नम्रता नोरगे)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**

## डिप्टी सीएम से मुलाकात...



**जांजगीर-चांपा**। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर ने अटल नगर, नवा रायपुर निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट कर जांजगीर-चांपा के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण दिया। इस दौरान शहर विकास सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर अभिमन्यु राठौर, अनुराग तिवारी भी साथ रहे।

## प्रभु सत्य और सर्वेश्वर हैं जो करते हैं सृष्टि की रचना : ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

- संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

अग्रसेन भवन के सामने चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की विशेष कृपा है जिस वजह से आप भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं।

आचार्य श्री ने कहा कि भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में कथा के प्यासे बनकर आए अपने हृदय को रिक्त रखें तभी कथा हृदय पटल पर उतरेगी। प्रभु तो सत्य और सर्वेश्वर हैं जो सृष्टि की रचना करते हैं पालन करते हैं और समय-समय पर संहार भी करते हैं, लेकिन आज मानव भगवान की भक्ति छोड़कर विषय वस्तु को भोगने में लगा है परंतु मानव जीवन का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति होना चाहिए । आगे बताया कि जब द्रोपति का चीर दुशासन ने खींचा तब द्रोपति ने अपने बल बुद्धि से अपने आप को बचाने की बहुत कोशिश की अंत में भगवान श्री कृष्ण को याद किया तब भगवान श्री कृष्ण वस्त्र अवतार लेकर प्रकट हो गए और द्रोपदी की लाज बचाई। आगे बताया पांडवों का स्वर्गारोहण व परीक्षित जन्म की कथा श्रवण कराया। प्रसंग आगे बढ़ाते हुए आचार्य श्री ने श्री सुखदेव के जन्म की कथा श्रवण कराई। झझरिया परिवार ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा सुनने का अनुरोध किया है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतो का फटना, वरीकाकोल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थॉयरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



भारी वाहनों के चलने से सड़क बद से बदतर, आवागमन में हो रही परेशानी 4





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


# सड़क दुर्घटना पीड़ितों का होगा मुफ्त इलाज, 35 शासकीय के साथ जुड़े 14 निजी अस्पतालों के नाम

## कैशलेस ट्रीटमेंट आफ रोड एक्सीडेंट विक्टिंम्स में अब 49 हास्पिटल शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल निःशुल्क इलाज की सुविधा देने के लिए देश भर में संचालित कैशलेस ट्रीटमेंट आफ एक्सीडेंट विक्टिम्स योजना के तहत जांजगीर चांपा जिले के 49 अस्पतालों को शामिल किया गया है। इनमें 35 शासकीय और 14 निजी अस्पताल है, जहां सड़क दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा 5 मई से कैशलेस ट्रीटमेंट आफ एक्सीडेंट विक्टिम्स योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना के घायलों को नामित किसी भी अस्पताल में डेढ लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज किया जाता है। यह योजना पूरे देर भर में लागू है। जिसमें पीड़ितों को ना तो किसी एडवांस राशि की जरूरत होती है और ना ही कोई बीमा दस्तावेज दिखाना होता है। यहां योजना के तहत बिना किसी औपचारिकता और राशि के जरूरतमंद पीडितों को तत्काल जीवन रक्षक दवाईयों के साथ उपचार की सुविधा मिलती है। जिले में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की विशेष पहल पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के शासकीय के अलावा सुविधा संपन्न निजी अस्पतालों को इस सूची में जोड़ने का काम किया गया है। इस कार्य में आईआरएडी की नोडल अधिकारी श्रीमती साधना गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर चांपा के समन्वित प्रयास से सफलता मिली है और अब तक जिले के 49 अस्पतालों को कैशलेस ट्रीटमेंट आफ एक्सीडेंट विक्टिम्स योजना की सूची में शामिल किया गया है। इनमें 14 अस्पताल प्राइवेट है, जहां सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा 35 शासकीय अस्पताल है, जिनमें जांजगीर चांपा और सभी ब्लाक के शासकीय अस्पतालों के साथ स्वास्थ्य केन्द्रों को शामिल किया गया है।

**खास बातें**

- नहीं पड़ेगा किसी तरह बीमा दस्तावेज दिखाना
- देश भर में लागू की गई है योजना
- जीवन रक्षक दवाईयों के साथ उपचार की मिलेगी सुविधा




### इन अस्पतालों में होगा मुफ्त इलाज

सड़क दुर्घटना में घायलों का निःशुल्क इलाज जिले के जिला अस्पताल, बीडीएम चांपा सहित 35 शासकीय अस्पतालों में होगा। इसके अलावा 14 प्राइवेट अस्पतालों में बचपन अस्पताल चांपा, गोमती देवी हास्पिटल, जेजीएम हास्पिटल, मां सर्जिकल अस्पताल, एमडी मोदी हास्पिटल, मिश्रा हास्पटिल, नायक मेटरमिटी एण्ड सर्जिकल सेंटर, नायक नर्सिंग होम, एनकेएच हास्पिटल, राजा हरिराम मेमोरियम, राजकेसर नर्सिंग होम, मोहित नेत्रालय, गणेश विनायक आई हास्पिटल और श्री नर्सिंग होम को सूची में शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** हरिवंश कृपा राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम में देहदानी हरिवंश चतुर्वेदी की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार 26 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, राजेश्री महंत रामसुंदर दास, प्रधान संपादक आईएनएच हरिभूमि डॉ.हिमांशु द्विवेदी, सुनील रामदास अग्रवाल, राजेश जैन, नितीन गौरीशंकर अग्रवाल, अमर सुल्तानिया, रवि पाण्डेय, सरपंच कुरियारी, तेंदुआ सरस्वती मनोज कश्यप होंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने संजय चतुर्वेदी, डॉ अशोक हरिवंश एवं विनोद शर्मा ने अपील की है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 और 10 अक्टूबर को, पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग द्वारा 9 व 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। विभाग की वेबसाइट पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इच्छुक युवा वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त युवा जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा में उपस्थित होकर भी पंजीयन कर सकते हैं।

### 18 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** 13 पाव देशी व 5 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया का है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना अकलतरा पुलिस द्वारा ग्राम पड़रिया के नरोत्तम गोड के कब्जे से 13 नग देशी प्लेन शराब एवं 5 लीटर हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, मो. मुबीन शेख प्र.आर. शरीफुद्दीन, राजा जयप्रकाश रात्रे, जितेश राजपूत का योगदान रहा।

## दिन भर चला तिजहारिनों के आने-जाने का सिलसिला, ट्रेन व बसें फुल

# गुलजार रहा तीजा का बाजार हुआ लाखों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरितालिका तीज को लेकर बाजारों में पूरे दिन रौनक रही। शाम के समय मार्केट में सुहागिनों की भारी भीड देखी गई। साथ ही तीज पर्व को लेकर ट्रेन व बसें भी भारी भीड़ देखी गई। सौंदर्य प्रसाधन, कपड़ा दुकान व ज्वेलरी दुकानों में तो काफी चहल पहल देखी गई। जिले में तीजा पर्व को लेकर लाखों का कारोबार हुआ।

ज्ञात हो कि हरतालिका तीज भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। साथ ही ये व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है। इस बार हरतालिका तीज मंगलवार 26 अगस्त को मनाई जाएगी। हरितालिका तीज पर्व पर सुहागिन महिलाएं विधि विधान पूर्वक भगवान शिव व पार्वती की आराधना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। व्रत धारण करने वाली महिलाएं पूजन करके पति के दीर्घायु की कामना महिलाएं करेंगी। 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। उदिया तिथि के अनुसार, हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा। इस पर्व को लेकर दुकानों में रौनक बढ़ गई है। त्योहार को लेकर नगर की साड़ी, फैंसी और ज्वेलरी दुकानें पुरी तरह सजकर तैयार है। तीज को लेकर महिलाएं जहां अपने मायके पहुंच रही है वहीं त्योहार को लेकर दुकानों में महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। त्योहार के चलते महिलाएं नए-नए आभूषण व चूड़ी, साड़ियों की खरीदारी कर रही है। दुकानों में नई-नई वैरायटियों के सामान भी देखने को मिल रहे हैं। खासकर बाजार में कपड़े और श्रृंगार की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही। बड़ी संख्या में महिलाएं तीज पर्व को लेकर रंग बिरंगी साड़ियां एवं श्रृंगार के सामानों की खरीदी की। महिलाएं नेट और शिफॉन की साड़ियों के अलावा अन्य आधुनिक डिजाइन की साड़ियां खरीदी की गई। दुकानदार भी तीज को लेकर कई तरह की डिजाइनर साड़ियां का स्टॉक कर रखा गया था। बाजार में इन दिनों कांच की चूड़ियां, पंजाबी चूड़ा, घुंघरु, कंगन, प्लास्टिक लाख, मेटल की चूड़ियों की ज्यादा बिक्री हो रही है। इन चूड़ियों के दाम 30 रुपए से लेकर 150 रुपए तक है। इधर मंगलवार 26 अगस्त को तीज पर्व मनाया जाएगा। इसे देखते हुए जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य शहरों में काफी भीड़ देखीगई। वहीं ट्रेन व बसों में लोगों के आने जाने का सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा। वहीं सुहागिन महिलाएं सजने के लिए ब्यूटी पार्लर एवं मेंहदी सेंटर में नजर आई। वहीं सोमवार 25 अगस्त को करू भात खाकर अगले दिन महिलाएं उपवास कर पति की दीर्घायु की कामना करेंगी।



तीज पर्व को लेकर बस में देखी गई भीड।

# यातायात नियमों का उल्लंघन, एक ही दिन में 2 सौ से अधिक वाहनों की बनाई जब्ती

## सभी थाना एवं चौकियों में एक साथ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियमों का उल्लंघन मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक ही दिन 209 वाहनों की जब्ती बनाई है। सभी थाना एवं चौकियों में एक साथ हुई कार्रवाई से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में सोमवार 25 अगस्त को पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सघन वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें बिना नंबर और तीन स्वारी गाडियो, बिना हेलमेट वाहन चालन, आडे तिरछी नंबर, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने, बिना दस्तावेज के वाहन सहित यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर यातायात नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए 209 वाहनों को जब्त किया गया है। 209 मोटर सायकल को जप्त किया जाकर चालकों के विरूद्ध के मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए वाहनों को जप्त किया गया है, जिसे पृथक से न्यायालय में पेश किया जाएगा।



थाने में जब्त वाहन।

### चोरी की बाइक बेचने के फिराक में घुम रहे 3 गिरफ्तार



चोरी की बाइक बेचने के फिरक में घुम रहे 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना मिला कि चोरी की मोटर सायकल को कुछ लोग काटकर अलग अलग कर पीकप वाहन में लोडकर प्लास्टिक की पन्नी से ढककर बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर मोटर सायकल के टुकडे प्लाटिक के पन्नी में ढका हुआ था जिसके संबंध में पीकप चालक एवं उसके साथीयों से पुछताछ करने पर पहरिया के रित आटो गैरेज के सामने खड़े पेशन प्रो एवं पुराने बाइक की चोरी करना स्वीकार किया। पीकप वाहन में लोडकर सरखो तरफ सूने जगह में ले जाकर मोटर सायकल को टुकडे टुकडे में काटकर कबाडी में बेचने के लिए ले जाना बताये जिसके कब्जे से मोटर सायकल अलग -अलग टुकडे किमती 12 हजार व प्रयुक्त वाहन पीकप वाहन क्रमांक सीजी 10 बी.वाय 1546 को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस दौरान अमित चौहान पिता संतोष चौहान उम्र 22 वर्ष ग्राम पहरिया थाना बलौदा, देवनारायण चैहान पिता स्व. दरसराम उम्र 23 वर्ष ग्राम करमंदी चैकी नैला, प्रताप सिंह सिदार पिता हर प्रसाद उम्र 19 वर्ष ग्राम बछौद थाना बलौदा को गिरफ्तार किया। उपरोक्त कार्यवाही मे साइबर सेल टीम जांजगीर एवं थाना बलौदा के अधिकारी व कर्मचारी का योगदान रहा।

# किसानों को नहीं मिल रहा खाद, विधायक ने उपसंचालक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा खाद उपलब्ध कराने के लिए कृषि विकास एवं कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उप संचालक को पत्र लिखकर अविलंब खाद उपलब्ध कराने की बात कही है।



अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को खाद की कमी के चलते खेती करने में परेशानी हो रही है।जिसके परिप्रेक्ष्य में कृषि विभाग के उपसंचालक के द्वारा जिला विपणन अधिकारी जांजगीर चांपा को पत्र लिखकर अकलतरा की समितियों में उर्वरक उपलब्ध कराने का आदेश दिया। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि विधायक अकलतरा राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा सूचना मिली है कि उनके क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवो की समितियों में उर्वरक की कमी से से किसान जूझ रहे हैं और भटक रहे हैं और उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। पहरिया, खैजा, जावलपुर, बलौदा, महुदा, बछौद, कोरबी, खिसोरा, कोटमी सोनार, नरियरा साथ ही अन्य समितियों से प्राप्त डीडी आरओ के अनुसार उर्वरक व्यवस्था कर भंडारण करना सुनिश्चित करें, जिससे किसानों को समय पर उर्वरक मिलना सुनिश्चित हो सके ।

# एसडीएम के स्थगन आदेश के बाद निर्माण जारी, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

शासकीय जमीन पर अवैध बेजा कब्जा करने वाले के हौसले बुलंद हो गए है कि दो दो स्थगन आदेश और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही होने के बावजूद शासकीय आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है।

विदित हो कि तहसील डभरा अंतर्गत खरसिया डभरा मुख्य सड़क पर स्थित ग्राम गोबरा में



लाखों रुपए की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है जिसकी ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किया गया था जिस पर तहसीलदार के द्वारा स्थगन आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया था उसके बावजूद अवैध निर्माण जारी था जिसका दोबारा शिकायत किए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया था तब कुछ दिनों के लिए अवैध निर्माण बंद कर दिया गया था। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) के पास शिकायत किया गया था। जिस पर एसडीएम 13 अगस्त को स्थगन आदेश जारी करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगा दिया गया था लेकिन इसके बाद भी स्थगन आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण लगातार जारी है और दूत गति निर्माण करते हुए लेंटर लेबल तक निर्माण पहुंच चुका है।

इस सम्बन्ध में डभरा के एसडीएम बालेश्वर राम ने कहा कि स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण हो रहा है, उस जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाती है।

## कलेक्टर को भी भेजी गई है जानकारी, कार्रवाई का पता नहीं

# जगदल्ला में बेखौफ हो रहा अतिक्रमण, रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर अहाता निर्माण का मामला सामने आया है। इस पर नागरिकों ने तत्काल रोक लगाने की मांग कलेक्टर सहित आला अधिकारियों से की है।

ज्ञात हो कि शासकीय भूमि में कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण करते हुए हाता निर्माण किया जा रहा है जिस पर तत्काल रोक लगाते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग तहसीलदार से की गई है। शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण का यह मामला नगर से लगा हुआ गांव जगदल्ला का है। जानकारी के अनुसार गांव में स्थित पटवारी हल्का नंबर 4, खसरा नंबर 01,रकबा 0.138 हेक्टेयर भूमि स्थित है जो कि राजस्व अभिलेखों में छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर दर्ज है। इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। बकायदा फ्लाई ऐश ब्रिक्स गिरा कर अहाता निर्माण किया जा रहा है जिसकी नामजद शिकायत अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण सोनी के द्वारा तहसीलदार चांपा से किया गया है साथ हीं शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य बाउंड्री वॉल पर रोक लगाने एवं शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। किये जा रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को जल्द ही नहीं रोका गया तो शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है। उल्लेखनीय है कि चांपा शहर के पुराना कॉलेज मार्ग से महुदा गांव को जोड़ने वाले नदी किनारे के सरकारी जमीन पर कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर मकान व दुकान भी बनाए जा रहे है। वहीं इस पर कार्रवाई नहीं होने की दशा में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। वहीं अब पटवारी हल्का नंबर 4 के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अहता निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर रोक लगाने की मांग की है।



अहाता निर्माण कर किया जा रहा बेजाकब्जा।

### करेंगे कार्रवाई

शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा होने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई हैं। हल्का पटवारी से जांच कर रिपोर्ट मंगाई गई है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर उचित कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-प्रशांत पटेल
तहसीलदार, चांपा


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### स्थानांतरण होने पर व्याख्याता को समारोह में दी गई विदाई



**बिर्रा।** युक्तियुक्तरण में शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के व्याख्याता उमाशंकर मरकाम, श्रीमती प्रेमलता साहू का अन्यत्र विघालय में स्थानान्तरण होने पर विघालय में विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू प्राचार्य सुनील कुमार कुरै शाला प्रबंधन अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा व्यापारी प्रकोष्ठ मणीलाल कश्यप देवचंद यादव की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में व्याख्याता उमाशंकर मरकाम श्रीमती प्रेमलता ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलीय चित्र में माल्यार्पण कर अगरबत्ती से पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात विघालय परिवार ने व्याख्याता उमाशंकर मरकाम श्रीमती प्रेमलता साहू को श्रीफल शाल पेन डायरी श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित विघार्थियों को संबोधित करते हुए व्याख्याता उमाशंकर मरकाम ने कहा इस शाला परिवार ने हमेशा स्नेह प्यार मिला है और इस विघालय के लिए मैंने जितना समय दिया है वह बहुत ही कम समय में आपके बीच रहा है वहीं श्रीमती प्रेमलता साहू ने कहा कि इस विघालय परिवार से मेरा हमेशा नाता रहेगा। वहीं जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह शाला प्रबंधन अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा देवचंद्र यादव व प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरै ने अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर विघालय शिक्षक राकेश साहू श्रीकांत राठौर शिक्षिका रामनीषा बेबी चौहान अनिता टोप्पो सुशील नेताम श्रीमती लक्ष्मी खुंटे श्रीमती संगीता कश्यप महादेव पटेल खीखराम मांझी रोहित पटेल सतीश मैत्री लिपिक राजेश पटेल श्रीमती मंजू सारथी के अलावा बिन्दू देवांगन प्रतिभा कुरै तूफान कुरै आदि।

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण को मिली राष्ट्रीय ओवरसीज़ स्कॉलरशिप

**हसौद।** विदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम हसौद निवासी लक्ष्मीनारायण धिरहे ने उल्लेखनीय



उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्हें भारत सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ओवरसीज़ स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत वे ब्रिटेन के विश्वप्रसिद्ध लिवरपूल विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय में अध्ययन करेंगे। यह छात्रवृत्ति अत्यंत प्रतिस्पर्धी होती है, जिसमें पूरे देश से हजारों विद्यार्थी आवेदन करते हैं, लेकिन केवल चुनिंदा मेधावी विद्यार्थियों का ही चयन हो पाता है। लक्ष्मीनारायण का चयन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से भी प्रतिभावान छात्र परिश्रम और संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं।
लक्ष्मीनारायण ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव और ज़िले के विद्यालयों से प्राप्त की तथा उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री पूरी की। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने वाले लक्ष्मीनारायण ने अनेक कठिनाइयों और संसाधनों की कमी के बावजूद अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा। उनकी मेहनत और लगन ने आज उन्हें यह ऐतिहासिक अवसर दिलाया है। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लक्ष्मीनारायण ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता श्री भागवत प्रसाद और श्रीमती संतोषी के आशीर्वाद तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ राघवेंद्र का चयन

**अकलतरा।** अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक



शाला के छात्र राघवेंद्र मिश्रा का चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी 28 से 31 अक्टूबर तक सरगुजा में आयोजित की जाएगी जिसमें छात्र राघवेंद्र मिश्रा प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने यह उपलब्धि शाला के व्यायाम शिक्षक संतोष यादव के निर्देशन में प्राप्त की। छात्र की उपलब्धि पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपाध्याय अशोक अग्रवाल सचिव ईश्वर खंडेलिया तथा समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही शाला प्राचार्य आर के विश्वकर्मा एवं स्टाफ ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छात्र के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कल तक

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि बुधवार 27 अगस्त तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को सुबह 11:30 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में दिनांक 31 जुलाई तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे। योग्य विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट https:// cbseitms. rcil.gov.in/nvs/Index/Registration पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बड़े-बड़े गड्ढे में कीचड़ और पानी भर जाने से स्कूली छात्रों सहित नागरिकों का चलना मुश्किल

# भारी वाहनों के चलने से सड़क बद से बदतर, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में रेलवे फाटक से शापूर्वमा शाला व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक की लगभग आधा किलोमीटर सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों बनने व पानी भर जाने से स्कूली छात्रों सहित आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

गौरतलब है कि देवरी-सारागांव पश्चिम मध्य रेलवे स्टेशन में चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य के अंतर्गत कई महीनों से निर्माण कार्य जारी है। साथ ही सड़क किनारे नाली निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जिसके कारण सड़क किनारे पर मिट्टी के ढेर लगे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र - छात्राएं मिडिल व हाईस्कूल पढ़ने आते जाते हैं, वहीं आस पास के ग्रामीण रेल यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचते हैं। रेल निर्माण सामग्री ढोने वाले ठेकेदार के भारी हाइवा व ट्रेलर जैसे वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति बत से बदतर हो गई है। बारिश में बड़े बड़े गड्ढों होकर पानी भरकर कीचड़युक्त हो जाने से राहगीर व स्कूली बच्चे, फिसलकर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रारंभिक दौर में रेल्वे ठेकेदार द्वारा अस्थायी रूप से डस्ट डालकर सड़क की मरम्मत की गई थी, किंतु अब सड़क पुनः खराब गई है।



सड़क में बने गड्ढे एवं खड़े ग्रामीण।

**सड़क की मरम्मत नहीं होने पर काम बंद करने की चेतावनी**-24 अगस्त रविवार को गांव के सरपंच मनीष कुमार केवट, उपसरपंच रामनाथ टंडन, पंच विक्की साहू, रविशंकर मोंगरे, गीतेश राठौर, डॉ कैलाश निर्मलकर, डॉ नीलकंठ कालेलकर, शिवनंदन राठौर, राकेश कर्ष, प्रभात यादव, योगेंद्र साहू, अनिल लाठियां, राहुल लाठियां सहित गांव के लोगों ने ठेकेदार का मुंशी के माध्यम से रेल्वे ठेकेदार और रेल्वे के अधिकारी को अवगत कराकर खराब सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग रखी गई है। सरपंच मनीष कुमार केवट ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए ठेकेदार को कई बार बोल चुका हूं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बाजार पारा से महामाया मंदिर तक नाली व सीसी रोड निर्माण की उठी मांग



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह के बाजार पारा से लेकर महामाया देवी मंदिर तक नाली एवं सीसी रोड निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 05 के निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बाजार पारा से मंदिर एवं शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय मिडिल स्कूल लाल बहादुर शास्त्री हाईस्कूल सेकेंडरी स्कूल तक जाने वाली सड़क पर बारिश का गंदा पानी बहता रहता है, जिससे बच्चों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से संक्रमण का खतरा बना रहता है और स्थानीय लोगों को बीमारी फैलने की आशंका सताती रहती है। बजरंग दल के जिला सह संयोजक मयंक सराफ ने बताया कि बरसों से इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग अक्सर गंदे पानी में होकर आने-जाने को मजबूर रहते हैं। इससे क्षेत्र में गंदगी और बीमारियों का खतरा और बढ़ जाता है। वार्डवासी मयंक सराफ,नमन अग्रवाल,संजू सिंघानिया ने मांग की है कि तत्काल बाजार पारा से महामाया मंदिर तक नाली एवं सीसी रोड का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। निवासियों ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री और शासन प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत ₹स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत₹ का सपना तभी साकार होगा, जब इस प्रकार की बुनियादी सुविधाएं आम जनता को उपलब्ध कराई जाएंगी।



### बालक वर्ग खो-खो में पिहरीद कबड्डी में घिवरा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

जिला स्तरीय खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा में सु.श्री सुशीला सिन्हा सभापति जिला पंचायत सक्ती, श्रीमती विद्या महंत सदस्य जिला समिति सक्ती, दुर्गा लाल केंवट सदस्य जनपद पंचायत जैजैपुर एवं राकेश साहू अध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति परसदा के आतिथ्य में हुआ।

■ सरस्वती शिशु मंदिर परसदा में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

सभी संकुल से 151 भैया बहन एवं 12 संरक्षक आचार्य दीदी कुल 163 की सहभागिता रही। समापन सत्र में श्रीमती उर्वशी खेम साहू सरपंच ग्राम पंचायत परसदा, विश्राम सागर साहू कोषाध्यक्ष जिला समिति सक्ती, भुवन श्रीवास संयोजक क्रीड़ा भारती जिला सक्ती, राकेश साहू अध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति परसदा, रामपाल आदित्य व्यवस्थापक विद्यालय संचालन समिति परसदा, दशरथ माली सचिव विद्यालय संचालन समिति अमोंदा, मोतीलाल कश्यप संकुल प्रमुख घिवरा, विरेश्वर यादव संकुल प्रमुख मालखरौदा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बाल वर्ग खो खो में पिहरीद भैया बहन प्रथम, बाल वर्ग कबड्डी भैया में घिवरा प्रथम,बहन में मालखरौदा प्रथम स्थान एवं शिशु वर्ग कबड्डी भैया में परसदा प्रथम स्थान, खो-खो बहन में परसदा प्रथम स्थान पर रहे। निर्णायक के रूप में भुवन श्रीवास, विजय साहू, विरेश्वर यादव, मोतीलाल कश्यप, बाबूलाल धीवर, संजय केंवट, भूपेन्द्र केंवट, सुरेश कुमार रावत, शोभाराम चौहान, बुलेन्दर जायसवाल उपस्थित थे। भुवनेश्वर साहू प्रधानाचार्य परसदा एवं कु. मालती आदित्य, संतोष केवट, छबीलाल पटेल, बेदुलाल पटेल, अर्जुन यादव, कु.आरती साहू, कु.चोलेश्वरी साहू, कु. किरण साहू, कु. वर्षा केवट का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापित धर्मेन्द्र तिवारी जिला समन्वयक द्वारा किया गया।

### महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता ही असली सशक्तिकरण का आधार



**बिर्रा ।** ग्राम देवरानी में शक्ति क्लब द्वारा महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता ही असली सशक्तिकरण का आधार है। जब नारी सशक्त बनेगी तभी राष्ट्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरा समाज और देश प्रगति करेगा। शक्ति क्लब ने नए अवसरों, आत्मनिर्भर और मार्गदर्शन को साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कसडोल विधायक संदीप साहू भी मौजूद थे। इस अवसर पर इंदिरा फेलोशिप महिला सशक्तिकरण के जिला संयोजिका निर्मला बरेठ, इंदिरा फेलोशिप के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामवासी, पंचायत पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

### सच्ची मित्रता और भक्ति जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 17 में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा वाचन आचार्य पंडित

■ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

रामविलास उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन प्रसंग का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आचार्य उपाध्याय ने बताया कि सुदामा, श्रीकृष्ण के बचपन के घनिष्ठ मित्र थे। निर्धनता के बावजूद वे कभी ईश्वर के प्रति श्रद्धा और भक्ति से विचलित नहीं हुए। पत्नी के आग्रह पर वे कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने चावल की पोटली भेंट की, जिसे भगवान ने अत्यंत प्रेम से ग्रहण किया। इस प्रसंग से यह संदेश मिलता है कि ईश्वर अपने भक्तों की भक्ति और सच्चे प्रेम को ही स्वीकार करते हैं, न कि भेंट के मूल्य को। कथा के दौरान उन्होंने कृष्ण के विभिन्न विवाह प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया। रुक्मिणी विवाह, सत्यभामा विवाह और जाम्बवती विवाह की कथाओं को सुनाकर उन्होंने बताया कि प्रत्येक विवाह समाज और धर्म को एक दिशा देने वाला था। शुक्रवार को कथा के दौरान कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडित उपाध्याय ने कहा कि सुदामा प्रसंग हमें यह सीख देता है कि सच्ची मित्रता, निस्वार्थ भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कथा श्रवण करने सुनील शर्मा, कुमुदनी शर्मा, सीता देवी शर्मा अनिल शर्मा, संजय शर्मा, विद्या शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते पंडित रामविलास उपाध्याय एवं श्रीकृष्ण एवं रुक्मणि के वेशभूषा में सजे बच्चे।

### बिहार के भटकते बालक को जिला बाल कल्याण समिति सक्ती ने कराई घर वापसी

**सक्ती।** नाबालिक बालक उम्र 12 वर्ष 27 जुलाई 25 को भटकते हुए ग्राम केरीबंधा पहुंचा जहां कोटवार को मिला। बालक से पूछताछ करने पर उसने बताया की वह रामचंद्रपुर थाना-लहेरी जिला-नालंदा (बिहार) का निवासी हैं। वह अपने पड़ोसियों के साथ घर में बिना बताये ट्रेन से पूरी दर्शन करने जा रहा था, लेकिन ट्रेन सक्ती स्टेशन में रूकी तो वह पानी पीने के लिए उतरा तभी अचानक ट्रेन छूट गई। वह पैदल पटरी पर चलते हुये केरीबंधा ग्राम पहुंच गया। कोटवार ने इसकी सूचना थाना-सक्ती को दिया, जहां थाना प्रभारी द्वारा फोन के माध्यम से जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं बाल कल्याण समिति सक्ती को सूचीत किया तथा कोटवार के द्वारा बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया। बालक को परामर्श प्रदान कर 28 जुलाई को जांजगीर के शासकीय बालगृह बालक में अस्थाई संस्थागत संरक्षण प्रदान किया गया। उसके बताए गए पतानुसार संबंधित राज्य के बाल कल्याण समिति से संपर्क कर बालक का सामाजिक जांच रिपोर्ट एवं बालक व परिजनों का आवश्यक दस्तावेज मंगवाकर सत्यापित पश्चात उसे परिजनों के सुपूर्द करने हेतु 18 अगस्त को एक आरक्षक एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से समाजिक कार्यकर्ता को बालक के गृह राज्य बिहार भेजा गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उ. माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन ओमप्रकाश साहू कोषाध्यक्ष शाला संचालन समिति के मुख्य आतिथ्य, गोपेश तुलस्यान के अध्यक्षता एवं शाला के पूर्व छात्र सुदीप सिंह चंदेल के विशिष्ट आतिथ्य में शाला सभागार में किया गया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का परिचय प्राचार्य केशव कुमार कौशिक के द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू ने कहा कि शाला के विद्यार्थी पूर्व में बोर्ड परीक्षाओं के प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं। विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत से इस परंपरा को कायम रखें। गोपेश तुलस्यान ने कहा कि पूरे देश में सरस्वती शिशु मंदिर को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान करने के लिए जाना जाता है। विशिष्ट अतिथि सुदीप सिंह चंदेल ने कहा कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। विद्यार्थी पूरे मनोयोग से परिश्रम करें एवं साला व परिवार का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 में कक्षा अरुण से बारहवीं तक अपने-अपने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य खेमनाथ कश्यप एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद यादव ने किया। कार्यक्रम में राकेश नायक, भू धर जायसवाल, संदीप कुंभरे, शिव कुमार साहू , गौतम श्रीवास प्रकाश साहू अशोक कुमार शुक्ला, राम कुमार जायसवाल सहित शाला के आचार्य, आचार्या, कर्मचारी उपस्थित रहे।



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

### साइबर व महिला संबंधी अपराध के बारे में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

थाना बम्हनीडीह के ग्राम पोड़ीशंकर में 24 अगस्त को पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को राहवीर योजना, मादक पदार्थों की तस्करी व सेवन से होने वाले दुष्परिणाम, हिट एंड रन, महिला संबंधी अपराध एवं साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में अपराध रोकथाम एवं सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जनसहभागिता सबसे जरूरी है। उन्होंने राहवीर योजना की जानकारी देते हुए लोगों से अपील की कि सड़क हादसों में घायलों की मदद करने में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी नहीं होगी। प्रधान आरक्षक सुनील सिंह ने नशे से दूर रहने की सलाह दी और बताया कि मादक पदार्थ न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक हैं बल्कि समाज व परिवार को भी बर्बाद करते हैं। कार्यक्रम में उप सरपंच विशाल सिसोदिया, सरपंच पति कोमल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से कराने की मांग की।



ग्रामीणों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

सबरिया समाज को शराब बनाने की जगह कृषि क्षेत्र मे जोड़ने की पहल

## जिले को अपराध मुक्त बनाने बिहान की दीदियों से चर्चा करने पहुंचे एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

जिले को अपराध मुक्त बनाने तथा सबरिया समाज को कच्ची शराब बनाने के काम को बंद कर कृषि क्षेत्र मे जोड़ने की पहल करने वाले एसपी विजय पाण्डेय आरसेटी मे प्रशिक्षण लें रहीं बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखियों से चर्चा करने पहुंचे।

उन्होंने प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू से कृषि क्षेत्र दी जाने वाली प्रशिक्षण कार्यक्रमो के बारे मे जानकारी लिया। एसपी विजय पाण्डेय ने बताया कि जिले मे सबरिया समाज लम्बे समय से महुआ की कच्ची शराब बनाने के कारोबार मे लिप्त हैं। उन्हें इस कारोबार से हटाकर क्रृषि क्षेत्र मे जोड़ा जायेगा। इसके लिए उन्हें शासन के अलग अलग विभागों और आरसेटी मे कृषि क्षेत्र मे दी जाने वाली प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़कर प्रशिक्षित किया जायेगा और शासन के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। एसपी की इस पहल की सराहना करते हुए आरसेटी जांजगीर में कृषि क्षेत्र मे बिहान की क्रृषि और पशु सखी दीदियों को प्रशिक्षण दें रहें मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि सबरिया समाज के लोग कृषि क्षेत्र मे धान की खेती, दलहन, तिलहन, सब्जी खेती, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि के कारोबार कर रहें हैं। अधिकतर लोगों के पास क्रृषि कार्य हेतु ट्रेक्टर भी है। बस उन्हें जरुरत हैं क्रृषि क्षेत्र मे तकनिकी जानकारी और शासन की योजनाओं से जोड़ने की। मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव से इस सलाह से एसपी विजय पाण्डेय खूब प्रभावित हुए और सबरिया समाज के लोगों को क्रृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुधन विकास विभाग, आरसेटी, एनआरएलएम बिहान, रेशम विभाग, क्रृषि विज्ञान केंद्र, क्रृषि महाविद्यालय, लाईवलीहुड कॉलेज, नाबार्ड, वन विभाग, मत्स्य विभाग, मनरेगा आदि से जोड़कर प्रशिक्षण और योजनाओं से जोड़ने की सलाह पर कार्ययोजना बनाने की बात कहीं। इस मौके पर फेकेल्टी अरुण पाण्डेय, किशन रजक, चंद्र प्रकाश गढ़ेवाल, दाताराम कश्यप, बंशीलाल यादव और बिहान की कृषि सखी और पशु सखी विशेष रूप से उपस्थित थे।



बिहान की कृषि सखी और पशु सखी को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

